हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 20 फरवरी 2026



04 जनसेवक छवि की साख पर बात आई तो महिला पार्षद...






07 घरों में ताले डालकर रोज़गार के लिए पलायन...







## खबर संक्षेप

### युवा संगम का आयोजन 23 फरवरी को

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 23 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) सागर के परिसर में किया जाएगा। आयोजित युवा संगम कार्यकम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदको कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन, संमग्र आई डी, दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। कंपनीयों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा।

### बीज सखी का प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

**सागर।** बीजों की साखी का आज प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ बी बैंक का डेमोंसट्रेशन मॉडल बनाया महिलाओं ने देसी शब्द की परिभाषा का बयान किया हल्दी और चिकट रस्म के वैवाहिक गीतों को गाया गया। देसी एवं पारंपरिक बीजों के संरक्षण के लिए जिले में आज बीजों की साखी का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। कलेक्टर संदीप जी आर की पहल पर सागर जिले में लुफ्तहांसा बीजों की प्रजातियां को पुनर्जीवन देने के लिए पारंपरिक फसलों से किसानों को जोड़े जाने के लिए अधिक उत्पादन लेने की होड़ में अपनी देसी परंपरा की सुरक्षा के लिए इस प्रशिक्षण की शुरुआत की गई है। इसमें आज महिलाओं ने 20 से अधिक प्रजातियों के बीजों को अपने साथ लाकर एक बी बैंक का डेमोंसट्रेशन मॉडल तैयार किया। इस मॉडल में उन्होंने बीजों को किस प्रकार सहेजा जा सकता है। गोबर के कंडे की राख को उपयोग करते हुए प्लास्टिक के कंटेनर में बीजों को रखकर दिखाए देसी परंपरा और हमारे ठेठ वन को प्रस्तुत करने के लिए महिलाओं में विवाह के समय में गाए जाने वाले बुंदेली परंपरा के गीतों में बीजों के महत्व को पिरोया।

### सड़क दुर्घटनाएं रोकने एक दिवसीय प्रशिक्षण आज

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाएं रोकने हेतु आपातकालीन चिकित्सा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पदमाकर सभागार में 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के अंतर्गत मध्यप्रदेश के 06 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें से सागर जिला एक है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत सागर जिले में 246 सड़क सुरक्षा मित्रों का चयन किया जाकर माय भारत पोर्टल पर उनका पंजीयन किया जा चुका है। सड़क सुरक्षा मित्रों के लिए आपातकालीन चिकित्सा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 फरवरी को पदमाकर सभागार, मोतीनगर सागर में प्रातः 10:30 बजे से सांय 05:30 बजे तक आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशिक्षण दिया जावेगा तथा चयनित सड़क सुरक्षा मित्रों को चयन पत्र, हेलमेट, सेफ्टी जैकेट, परिचय पत्र आदि निःशुल्क प्रदान किये जावेगें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा उसकी हेण्डलिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों को दिए निर्देश

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएंः मुख्य सचिव अनुराग जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन अनुराग जैन ने प्रदेश की आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बच्चों को प्राथमिक स्तर की शिक्षा मुहैया कराना आवश्यक है। इसके लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह से चालू होने वाले नवीन शिक्षा सत्र में शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए कार्य योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राओं की संख्या नगण्य हो। इसके सतत प्रयास किए जाएं तथा शैक्षणिक कैलेंडर का पालन सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देश प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी कलेक्टरों एवं प्रमुख अधिकारियों को दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने स्कूलों में बालिकाओं के लिए बनाए जा रहे बालिका शौचालयों के निर्माण की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि बालिका शौचालयों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए तथा यह कार्य मार्च माह के अंत तक पूर्ण हो जाना चाहिए। य सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे क्षतिग्रस्त भवनों की सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ मरम्मत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल भवनों में किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो, यह सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जिलेवार समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लोगों को कुटीर उद्योग स्थापित करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अधिक से अधिक प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित कराएं तथा हितग्राहियों को बैंकों के माध्यम से ऋण मुहैया कराकर कुटीर उद्योग स्थापित कराने के लिए सतत रूप से प्रोत्साहित करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि कलेक्टर्स शासन द्वारा संचालित स्वारोजगार योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं और लोगों की आमदनी बढ़ाने के सतत प्रयास करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं तथा इस योजना के संबंध में किसानों को समुचित जानकारी मुहैया कराएं तथा किसानों को इस योजना से लाभ उठाने के लिए सतत रूप से प्रोत्साहित करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने रूफटॉप सौर योजना की भी जिलेवार समीक्षा की तथा इस योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने, योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा योजना का लाभ लोगों को दिलाने के भी निर्देश प्रदेश के सभी कलेक्टरों को दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने प्रदेश के कलेक्टरों को निर्देश दिए कि लोक सेवा प्राधिकरण के तहत लोगों को सहजता से सेवाएं मुहैया कराएं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव द्वारा अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




## सेमिनार प्रस्तुतीकरण से विद्यार्थियों में मंच पर बोलने की कला विकसित होती है : डॉ घनश्याम भारती

**गढ़ाकोटा।** शासकीय पीजी कॉलेज गढ़ाकोटा में हिंदी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार एमए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का सेमिनार प्रस्तुतीकरण आयोजित हुआ। प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती के नेतृत्व में हिंदी के प्राध्यापक रश्मि कर्मी तथा ममता अहिरवार द्वारा प्रस्तुतीकरण के समय छात्र-छात्राओं से प्रश्न भी किए गए जिनका समाधान भी किया गया। हिंदी साहित्य का इतिहास, भक्ति काल के कवि, रीतिकाल के कवि, हिंदी साहित्य इतिहास लेखन की परंपरा, काल विभाजन, नामकरण आदि विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा प्रेजेंटेशन दिया गया। प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेमिनार प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों की मंच पर बोलने की कला विकसित होती है साथ ही आगे प्रतियोगी परीक्षाओं में साक्षात्कार की तैयारी भी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से हो रही है। डॉ भारती ने विद्यार्थियों को हिंदी विषय में रोजगार के अवसर तथा नेट एवं पीएससी की परीक्षा की तैयारी संबंधी मार्गदर्शन दिया। रश्मि कर्मी ने विद्यार्थियों को प्रस्तुतीकरण संबंधी कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। सेमिनार प्रस्तुतीकरण की निर्देशिका एवं संचालिका सुश्री ममता अहिरवार रहीं। हिंदी विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं द्वारा अपने गुरुजनों का आभार व्यक्त किया गया।

## खुरई विधानसभा क्षेत्र की 4 सड़कों के लिए 49.05 करोड़ का प्रावधान पर आभार जताया

**सागर।** राज्य के बजट 2026-27 में खुरई विधानसभा क्षेत्र में चार सडकों के निर्माण के लिए 49.05 करोड का वित्तीय प्रावधान करने के लिए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि आज विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवडा द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में उन चार महत्वपूर्ण सडकों के निर्माण के लिए वित्तीय प्रावधान किया है जिनका प्रस्ताव पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव के समक्ष रखा था। इन सडकों में खुरई बस स्टैंड से कृषि उपज मंडी मार्ग तक लंबाई 3 किलोमीटर के लिए 12 करोड, बमनोरा तिगड्डा से रामछांयरी मार्ग लंबाई 5.80 किलोमीटर के लिए 3.97 करोड, बमनोरा-मोहली-झोलसी मार्ग लंबाई 4.50 किमी के लिए 3.08 करोड तथा खिमलासा-रजवांस,छूटा हुआ मार्ग 16 किमी के लिए 30 करोड का वित्तीय प्रावधान बजट में किया गया है।



## कुर्मी समाज के द्वारा मनाई गई छत्रपति शिवाजी की 396वीं जन्म जयंती

**गढ़ाकोटा ।** सागर जिले के गढ़ाकोटा से नजदीकी सिद्ध क्षेत्र मां हनुमंता देवी मंदिर में कुर्मी समाज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । वीरता, शौर्य और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मां हनुमंता प्रांगण में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ। कुर्मी समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के स्वजाति बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उत्साह एवं श्रद्धा के साथ शिवाजी महाराज को नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण से हुआ। उपस्थित जनों ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अदम्य साहस, संगठन क्षमता और स्वराज स्थापना के संकल्प को याद किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन संघर्ष, त्याग, नीति और राष्ट्रभक्ति का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरगोविंद पटेल,तहसील अध्यक्ष महेश कुर्मी (रहली), रहली जनपद पंचायत अध्यक्ष सुरेश कपास्या, जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर ज्योति पटेल, जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल, बमनौदा सरपंच राम मनोहर पटेल, हित प्रसाद कपासिया, रमाकांत चौधरी, जानकी प्रसाद चौधरी, पूर्व सरपंच महादेव कुर्मी, महादेव पटेल, विशाल पटेल गुंजोरा, उमरी सरपंच, कुमरई सरपंच जितेंद्र कुर्मी, युवा वाहिनी अध्यक्ष कौशल कपास्या एवं मुन्ना पटेल फुलर सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में रहली जनपद पंचायत अध्यक्ष सुरेश कपास्या ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में कई प्रकार की कुरीतियां व्याप्त हैं,जिन्हें समाप्त करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज आपसी भेदभाव, फिजूलखर्ची और अन्य सामाजिक बुराइयों को नहीं छोड़ेगा,तब तक वास्तविक उन्नति संभव नहीं है।

# 2 साल की बच्ची से रेप करने वाले को उम्र कैदः मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई में दो साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को विशेष न्यायालय (पॉक्सो) ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। मंगलवार शाम न्यायाधीश संध्या मनोज श्रीवास्तव की अदालत ने आरोपी नीरज आदिवासी को 10 हजार रुपए के जुर्माने से भी दंडित किया। अभियोजन के मुताबिक, घटना 15 मई 2025 की है। पीड़िता की मां अपने परिवार के साथ बांदरी थाना क्षेत्र में एक रिश्तेदार की बारात में शामिल होने गई थी। जब स्कूल परिसर में जयमाला का कार्यक्रम चल रहा था, तभी गांव का ही आरोपी नीरज आदिवासी बच्ची को



खिलाने के बहाने अकेले में ले गया।

### लहूलुहान हालत में मिली बच्ची

बच्ची के गायब होने पर जब परिजन ने तलाश शुरू की, तो उसकी मौसी ने आरोपी को स्कूल से बाहर निकलते देखा। बच्ची उस समय जोर-जोर से रो रही थी और उसके कपड़े खून से सने हुए थे। परिजन को देखते ही आरोपी बच्ची को छोड़कर मौके से भाग निकला। गंभीर हालत में बच्ची को लेकर परिजन थाने पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### पुलिस कार्रवाई और कोर्ट का फैसला

पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अधिवक्ता ओ.पी. श्रीवास्तव ने सशक्त पैरवी की। न्यायालय ने मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के बयानों को आधार मानते हुए आरोपी को दोषी करार दिया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



## डायल 112 की साहसिक कार्यवाही से कुएं में गिरे हिरण के शावक को मिला नया जीवन

**सागर।** डायल 112 को भोपाल स्थित राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि देवलचौरी, सेमरा घाट रोड, खेरई, जैसिनगर क्षेत्र में एक कुएं में हिरण का शावक गिर गया है। सूचना के अनुसार शावक जीवित था तथा कुएं में पानी भरा होने से उसकी जान को गंभीर खतरा था। सूचना मिलते ही सागर कंट्रोल रूम द्वारा तत्काल थाना मोतीनगर क्षेत्र की क्पंस 112 एफआरवी को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया। जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में अदम्य साहस का परिचय देते हुए पायलट साजिद खान स्वयं कुएं में उतरे और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से हिरण के शावक को सुरक्षित बाहर निकाला। तत्पश्चात वन विभाग को सूचना देकर शावक को सुरक्षित सुपुर्द किया गया। चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत शावक पूर्णतः स्वस्थ पाया गया। इस सराहनीय रेस्क्यू ऑपरेशन में प्रभारी 112 आर.के.एस. चौहान, आरक्षक महेंद्र, आरक्षक पवन दीपक का विशेष योगदान रहा। टीम की त्वरित निर्णय क्षमता, तकनीकी समन्वय एवं मानवीय संवेदनशीलता के कारण एक बेजुबान वन्यजीव का जीवन सुरक्षित किया जा सका। यह घटना पुनः सिद्ध करती है कि डायल 112 सेवा न केवल मानव जीवन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि पशु-पक्षियों एवं वन्यजीवों की रक्षा में भी समान रूप से सजग और संवेदनशील है। सागर पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल 112 पर सूचना दें। आपकी सजगता और हमारी तत्परता मिलकर हर जीवन की रक्षा कर सकती है।

# कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत विकासखंड शाहगढ़ में खंड स्तरीय बैठक का आयोजन

**सागर।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत विकासखंड शाहगढ़ में खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, किसान संघ के पदाधिकारी, उर्वरक विक्रेता, क्षेत्र के किसान बंधु, कृषि सखियां, उन्नतशील कृषक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य धरती माता बचाओ अभियान, जैविक प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, प्रति बूंद अधिक फसल, ई उर्वरक टोकन प्रणाली आदि के बारे में कृषकों को जानकारी देना है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, देवरी डॉ.आशीष त्रिपाठी जी ने जैविक प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, प्रति बूंद अधिक फसल बिषयों पर विस्तार से जानकारी दी। धरती माता बचाओ अभियान को उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी द्वारा विस्तार से समझाया गया। साथ में ई उर्वरक टोकन प्रणाली के बारे से सभी कृषकों को जानकारी दी। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र, देवरी डॉ.आशीष त्रिपाठी, जनपद अध्यक्ष मनीष यादव, गुलाबचंद गोलन जिला पंचायत सदस्य, किसान संघ से मुन्ना सिंह, दुर्ग सिंह लोधी, भगवान सिंह लोधी एवं अन्य जनप्रतिनिधि, सहायक संचालक कृषि अनिल राय, अनुभागीय अधिकारी कृषि कुमुद बुनकर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शाहगढ़ गजेंद्र अछले, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक विपिन जैन सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

प्राचार्य का संदेशः कला और संस्कृति ही हमारी पहचान

# शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के छात्रों ने दिल्ली और भोपाल में बिखेरी 'बधाई' नृत्य की छटाः बुंदेली लोक कला का बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समूचे बुंदेलखंड का मान बढ़ाया है। महाविद्यालय के सांस्कृतिक दल ने भोपाल के लाल परेड मैदान और दिल्ली के ऐतिहासिक 'कर्तव्य पथ' पर आयोजित समारोहों में लोक नृत्य 'बधाई' की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की जमकर सराहना बटोरी।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में महाविद्यालय के गिरराज अहिरवार, डॉली प्रजापति, राहुल अहिरवार, सोनम अहिरवार, सुमित रैकवार, अमन पटेल, विशेष पटेल और तनु जैन के दल ने 'बधाई' नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति और कलात्मक कौशल से



प्रभावित होकर मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें मंच पर ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### कर्तव्य पथ पर दिखा बुंदेली संस्कृति का जादू

इसी कड़ी में, दिल्ली के 'कर्तव्य पथ' पर भी महाविद्यालय की छात्राओं ने तुलसीराम पटेल और शारदा रावत के नेतृत्व में अपनी कला का प्रदर्शन किया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच दिल्ली के इस दल में शारदा रावत, मानसी रैकवार, शालिनी गोहिया, डाली पटेल, सिवनी पटेल, अनुष्का पटेल, जानवी अहिरवार, काजल जाटव, आरती पटेल, आरती साहू, निधि पटेल, एकता पटेल, वैशाली पटेल, रितिका श्रीवास्तव, महक श्रीवास्तव, अंजली पटेल, खुशबू सेन, भावना रजक और कौशल्या पटेल सहित छात्राओं के इस दल ने बुंदेली लोक नृत्य के माध्यम से राष्ट्रीय मंच पर समां बांध दिया।

छात्र-छात्राओं की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और कला के प्रति समर्पण से न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे सागर संभाग का नाम रोशन किया है। राज्य और राष्ट्रीय स्तर के मंचों पर प्रथम स्थान प्राप्त करना गौरव की बात है।

महाविद्यालय प्रशासन सदैव विद्यार्थियों की ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं, प्रशासनिक अधिकारी इमराना सिद्दीकी, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता मुखर्जी और स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन केंद्र की संयोजक प्रतिभा जैन ने भी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह 20 फरवरी से हर दिन होगी नाट्य और लोक संगीत की प्रस्तुति

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में उत्तर-मध्यक्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में 20 फरवरी से 24 फरवरी को पाँच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन 24 फरवरी को विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर करेंगे । मुख्य अतिथि के रूप में सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े, सारस्वत अतिथि पद्मश्री भगवानदास रैकवार, विशिष्ट अतिथि एवं उत्तर-मध्यक्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज के निदेशक सुदेश शर्मा एवं विशेष अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेन्द्र जैन एवं महापौर संगीता तिवारी मौजूद रहेंगी। इस समारोह के समन्वयक डॉ. राकेश सोनी एवं डॉ. नीरज उपाध्याय हैं. आयोजन सचिव अल्ताफ मुलानी है। आयोजन के संरक्षक कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय हैं । पांच दिवसीय इस राष्ट्रीय नाट्य उत्सव में प्रत्येक दिन दोपहर 01 बजे से सांस्कृतिक परिषद् परिसर में व्याख्यान एवं संवाद सत्र आयोजित किये जायेंगे । इस दौरान कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां भी दी जायेंगी । 20 फरवरी को लीलाधर रैकवार एवं दल द्वारा लोकनृत्य ढिमरयाई, 21 फरवरी को डॉ. बृजेश रिछारिया द्वारा लोकनाट्य परम्परा एवं नाट्य शास्त्र विषय पर व्याख्यान एवं मांगरमाटी दल द्वारा लोक नृत्य बधाई की प्रस्तुति दी जायेगी । 22 फरवरी को संतोष पाण्डेय द्वारा लोक नृत्य राई एवं लोक नाट्य स्वांग पर व्याख्यान एवं प्रस्तुति, 23 फरवरी को यशगोपाल श्रीवास्तव एवं दल द्वारा बुन्देलखंडी लोक संगीत एवं 24 फरवरी को पद्मश्री भगवानदास रैकवार द्वारा बुन्देली मार्शल आर्ट पर व्याख्यान एवं प्रस्तुति दी जाएगी ।

### हड़कंप मचने पर सीएमओ ने किया डैमेज कंट्रोल, मुद्दे पर लिखित आदेश

# जनसेवक छवि की साख पर बात आई तो महिला पार्षद ने लिख दिया इस्तीफा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जनता के स्नेह, विश्वास और जनता के बीच बनी साख को कायम रखने के फलस्वरूप विगत 22 वर्षों से नगर पालिका पार्षद पद के चुनावो में अजेय प्रत्याशी के रूप में खुद को स्थापित करने बाले पूर्व पार्षद एवं वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि संजय नायक की उक्त उपलब्धि का राज तब सामने आया जब इनकी पार्षद पत्नी सुषमा संजय नायक ने अपनी चिर परिचित जनसेवक रूपी साख पर बात आने पर सिर्फ इसलिये वार्ड 20 से पार्षद पद और नगर पालिका उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया क्योंकि सुषमा संजय नायक के पार्षद चुनावी वार्ड 20 में बिगत 3 बर्षो से नगर पालिका द्वारा सफाईकर्मियों की कमी बताते हुए सफाई नहीं की जा रही थी। और वार्ड 20 में सफाई करने के लिये मात्र एक सफाईकर्मी नियुक्त किया गया है, जो कि संपूर्ण वार्ड की सफाई कार्य के लिये पर्याप्त साबित नहीं हो रहा था। उक्त इस्तीफा होने के बाद नगर पालिका प्रशासन समेत जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। साथ ही नगर में चर्चा का मुख्य विषय बन गया। जिसके बाद हरकत में आये नगर पालिका प्रशासन द्वारा आनन फानन में डैमेज कंट्रोल किया गया।

#### जिम्मेदारी न निभते हुए देख सीएमओ को सौंपा इस्तीफा

नगर पालिका क्षेत्र के वार्डो में ध्वस्त सफाई व्यवस्था को लेकर लंबे समय से चल रहे धमासान के बीच गुरुबार का दिन एक वबंडर लेके आया। पार्षद रूप में अपने वार्डवासियो की समस्याओ को शीघ्र हल करने के रूप में बिगत 22 वर्षो से नियमित छवि बना चुकी वार्ड क्रमांक 20 से पार्षद सुषमा संजय नायक ने अपने पार्षद पद और नगर पालिका उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्षद व नपा उपाध्यक्ष सुषमा नायक के पति कांग्रेस महासचिव संजय नायक उक्त इस्तीफा लेकर नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया के समक्ष पहुंचे और पार्षद व नपा उपाध्यक्ष सुषमा नायक द्वारा अपने लेटरपेड पर लिखा गया इस्तीफा सीएमओ भदौरिया को सौंप दिया। जिसमें पार्षद व नपा उपाध्यक्ष नायक ने स्वयं को जिम्मेदार ठहराते हुए लिखा कि मैं बिगत 3 वर्षो से अपने वार्ड क्रमांक 20 में नियमित सफाई कराने में असमर्थ रही हू इसलिये मैं अपने पार्षद व नपा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देती हू। उक्त पत्र में पार्षद व नपा उपाध्यक्ष नायक ने नगर पालिका की बिगड़ी हुई सफाई व्यवस्था पर अप्रत्यक्ष रूप से करारा तमाचा जड़ा है।





श्रीमान से अनुरोध है कि मे नगर पालिका परिषद मे निर्वाचित उपाध्यक्ष पद पर हूँ एवं मे अपने वार्ड में पिछले तीन वर्ष छः माह से सफाई व्यवस्था नही करा सकी। इसलिए मैं अपने दायित्व से त्यागपत्र देती हूँ पार्षद एवं उपाध्यक्ष से ।

धन्यवाद

प्रतिलिपि :- जिला कलेक्टर महोदय।

#### विगत 22 वर्षो से लगातार अजेय बने हुए हैं दंपती

वर्तमान में कांग्रेस महासचिव पद का दायित्व निभा रहे संजय नायक ने अपना पहला चुनाव वर्ष 2004 में वार्ड क्रमांक 22 से पार्षद पद पर लड़ा था और जीता भी था। इस दौरान वार्डवासियो की समस्याओ को प्राथमिकता से हल करते हुए पार्षद संजय नायक की जनसेवक रूप में ऐसी छवि बनी कि वर्ष 2014 में वार्ड बदलकर वार्ड क्रमांक 18 से संजय नायक ने अपनी पत्नी सुषमा संजय नायक को पार्षद का चुनाव लड़ाया और एकतरफा जीत हासिल की। इसके बाद भी इनका वार्ड में जनसेवा का कार्य जारी रहा। जिसके परिणामस्वरूप ज़ब संजय की पत्नी सुषमा नायक को एक ऐसे बार्ड क्रमांक 20 से टिकिट दिया गया। जो इनके लिये बिलकुल अलग व अनजाना कार्यक्षेत्र था। लेकिन जनसेवा की मजबूत छवि की बजह से सुषमा संजय नायक ने वार्ड क्रमांक 20 से भी आसान जीत हासिल की।

#### इस्तीफा नामंजूर कर नायक के कार्यालय पहुंचे सीएमओ ने किया लिखित आदेश

ज़ब संजय नायक ने अपनी पत्नी सुषमा नायक का इस्तीफा नपा सीएमओ भदौरिया को सौंपा तो उन्होंने यह इस्तीफा मंजूर करने से मना करते हुए कहा कि आपका इस्तीफा मैं मंजूर नहीं कर सकता। इसके बाद ज़ब शहर में और प्रशासन में उक्त इस्तीफा को लेकर हड़कंप मचा तो नपा सीएमओ भदौरिया स्वयं संजय नायक के निजी कार्यालय पहुंचे और उनसे इस्तीफा देने की मुख्य बजह पूँछी। और वार्ड क्रमांक 20 में सफाई व्यवस्था न होने की बजह जानकार तत्काल मौके पर ही लिखित आदेश करते हुए उक्त वार्ड में एक के बजाय 5 सफाई कर्मियों को नियुक्त कर दिया। साथ ही इस्तीफा भी नामंजूर कर दिया। जिसके बाद उक्त मामले का पटाक्षेप हो गया।

#### एक सुलझे हुए जनप्रतिनिधि नायक की मांग थी जायज

ज़ब उक्त मुद्दे पर नपा सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया से बात की गई तो उन्होंने संजय नायक की तारीफ कर बजह बताते हुए कहा कि पार्षद व नपा उपाध्यक्ष सुषमा व संजय नायक एक सुलझे हुए जनप्रतिनिधि है। एबं उनकी मांग भी जायज थी। क्योंकि नगर पालिका में कुल 275 सफाईकर्मी है और नगरीय क्षेत्र में कुल 27 वार्ड है। इस लिहाज से सुषमा संजय नायक के बड़े वार्ड क्रमांक 20 को नियमानुसार कम से कम 10 सफाईकर्मी मिलने चाहिए। लेकिन उन्हें सिर्फ एक सफाईकर्मी मिला हुआ था। जो मुझसे पहले का आदेश था। जिसको बदलते हुए हमने 5 सफाईकर्मी नियुक्त करने का आदेश किया है। साथ ही उन्होंने आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी टेंडर निकालने की मांग की थी। लेकिन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा 19 जनवरी से आउटसोर्स टेंडर पर रोक लगाई गईं है। उक्त बात ज़ब संजय नायक के सामने रखी गईं तब बो संतुष्ट हुए। और उन्हें 5 सफाईकर्मी दिए गये।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियान जारी

# चौखट पर पहुंच संवाद कर बनता है पुलिस पर सच्चा भरोसाः एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

संवेदनशील पुलिसिंग करके ही सामाजिक भरोसा मजबूत होता है। उक्त वक्तव्य पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई ने देते हुए बताया कि चंदेरा पुलिस द्वारा गांवों में पहुंचकर जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। जिसके तहत ग्रामीणों के घरो की चौखट तक पहुंचकर लोगो से संवाद किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य पुलिस पर जनता का सच्चा भरोसा कायम करना है। नशामुक्ति, महिला सुरक्षा और सामाजिक सुधार के संयुक्त अभियान के तहत जिले में संचालित हुए 441 जनसंवादों से अब तक 80 हजार नागरिक जुड़ चुके है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा संचालित जनसंवाद एवं नशामुक्ति अभियान अब केवल सार्वजनिक मंचों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि घर-घर और मोहल्लों तक पहुँचकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन की पहल कर रहा है। इसी क्रम में चंदेरा थाना प्रभारी रश्मि जैन द्वारा 18 फरवरी को थाना क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों एवं बस्तियों में पहुँचकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया गया। इस पहल को औपचारिकता मात्र नहीं, बल्कि विश्वास और अपनत्व का प्रयास बताया गया। चंदेरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक रश्मि जैन ने गांवों में जाकर सहज और आत्मीय वातावरण में उनसे चर्चा की। उन्हें यह भरोसा दिलाया गया कि पुलिस केवल कानून लागू करने वाली संस्था नहीं, बल्कि सुरक्षा और सहयोग का साथी है।

संवाद के दौरान महिलाओं एवं परिवारजनों को जागरूक करते हुए समझाया गया कि नशा किस प्रकार परिवार की शांति और भविष्य को प्रभावित करता है। घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना एवं लैंगिक भेदभाव के दुष्परिणाम बताये गये। साथ ही बेटियों की शिक्षा और सम्मान का महत्व बताते हुए कहा गया कि किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस से बिना संकोच संपर्क किया जाये। इस दौरान बताया गया कि कानून किस प्रकार महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करता है। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की सामाजिक या पारिवारिक समस्या में अकेली नहीं हैं। बल्कि पुलिस उनके साथ खड़ी है। महिला थाना प्रभारी रश्मि जैन ने विशेष रूप से कहा कि संवाद ही समाधान की पहली सीढ़ी है। यदि परिवार के भीतर आपसी समझ और सम्मान बना रहे, तो अनेक विवाद स्वतः ही समाप्त हो सकते हैं। अभियान के अंतर्गत परिवारों को नशामुक्त जीवनशैली अपनाने, बच्चों और युवाओं को सही मार्गदर्शन देने तथा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं से आग्रह किया गया कि वे अपने घर और समाज में जागरूकता की वाहक बनें, क्योंकि एक जागरूक महिला पूरे परिवार को सही दिशा दे सकती है। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने इसको सामाजिक विश्वास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि जब पुलिस घर पहुंचकर संवाद करती है, तभी सच्चा भरोसा बनता है। हमारा उद्देश्य डर नहीं, बल्कि विश्वास और सहभागिता से समाज को सशक्त बनाना है। पुलिस का यह प्रयास दर्शाता है कि कानून के साथ संवेदनशीलता और संवाद जुड़ जाए तो परिवर्तन संभव है। घर-घर पहुंची यह पहल महिलाओं के आत्मविश्वास, परिवार की मजबूती और नशामुक्त, शांतिपूर्ण समाज की दिशा में एक सार्थक कदम है।

### निभाया मानवीय दायित्व, अस्पताल में भर्ती किया

# दारु के नशे में पानी में गिरे व्यक्ति के जीवन को मिला सतर्क पुलिस का साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नशे की हालत में ज़ब एक व्यक्ति पुल से नीचे पानी में गिरकर जीवन मृत्यु के बीच में झूल रहा था। तभी पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के निर्देशों कड़ प्रभाव के चलते सतर्क व संवेदनशीलता से भरी पुलिस को उक्त ब्यक्ति के संबंध में जानकारी मिली। जिसके बाद एफआरवी 13 थाना देहात की डायल 112 पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ब्यक्ति को बचाकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। जिससे उसकी जान बच गईं।



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आमजन की आवश्यक सहायता करें तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई करें। इसी क्रम में थाना देहात क्षेत्र अंतर्गत हजूरीनगर में एक आपात सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हजूरीनगर निवासी 40 वर्षीय नंदराम अहिरवार शराब के नशे की अवस्था में पुल से नीचे पानी में गिर गए हैं। उक्त सूचना मिलते ही एफआरवी-13, थाना देहात पुलिस तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर उपस्थित लोगों से जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस दल द्वारा बिना विलंब किए बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। पुलिस स्टाफ आरक्षक लाखन एवं पायलट महमूद खान ने साहस एवं तत्परता का परिचय देते हुए पानी में उतरकर संबंधित व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला। उक्त व्यक्ति को तत्काल एफआरवी वाहन से जिला अस्पताल पहुँचाकर उपचार हेतु भर्ती कराया गया, जिससे समय रहते आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध हो सकी। उक्त दृश्य को देखकर ग्रामीणों ने कहा कि यह कार्रवाई दर्शाती है कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि आपात परिस्थितियों में मानवीय संवेदनशीलता एवं त्वरित प्रतिक्रिया के साथ नागरिकों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है।




# डिजीटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग की अंचल में अलख जगा रही मजना पुलिस

**टीकमगढ़।** जिले के ग्राम स्तर तक जागरूकता फैलाते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के निर्देशन व मार्गदर्शन में मजना चौकी पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा की अलख क्षेत्र में जगाने के उद्देश्य से साइबर जनअभियान चलाया गया। चूंकि डिजिटल माध्यमों के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों की चुनौतियाँ भी तेजी से सामने आ रही हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा जिलेभर में सघन साइबर सुरक्षा जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं एवं महिलाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक एवं सक्षम बनाना है। इसी के चलते 18 फरवरी को चौकी मजना क्षेत्र में एक विशेष साइबर सुरक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं महिला समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुलिस टीम ने सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से वर्तमान में प्रचलित साइबर अपराधों की जानकारी दी, जिनमें प्रमुख रूप से ऑनलाइन बैंकिंग एवं यूपीआई फ्रॉड, फर्जी लोन ऐप और निवेश योजनाएँ, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेलिंग, नकली जॉब ऑफर एवं ऑनलाइन ठगी आदि साइबर अपराध शामिल है। प्रतिभागियों को बताया गया कि छोटी-सी असावधानी भी आर्थिक और मानसिक क्षति का कारण बन सकती है। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ संवादात्मक चर्चा, महिलाओं को साइबर स्टॉकिंग एवं ऑनलाइन उत्पीड़न से बचाव के उपाय, मॉर्फिंग, फर्जी प्रोफाइल और डिजिटल ब्लैकमेलिंग से सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शन सहित शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया एवं राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देना शामिल रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत शिकायत करना ही नुकसान को सीमित करने का सबसे प्रभावी उपाय है। उक्त अभियान के चलते जिले में 452 से अधिक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें 79 हजार से अधिक नागरिकों तक डिजिटल सुरक्षा संदेश पहुँचाया गया। जिससे युवाओं एवं महिलाओं में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गईं। सामुदायिक सहभागिता से सतत जागरूकता वातावरण का निर्माण करने के उद्देश्य से आवश्यक सावधानियाँ बताईं।

### मिशन ग्रामीण का हुआ शुभारंभ

# रोजगार में मनरेगा का उन्नत रूप है व्हीबी-जी राम जीः केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

जनपद सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण व्हीबी-जी राम जी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीण सशक्तिकरण को देश की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि यह नई पहल प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के संकल्प को सिद्ध करने में मील का पत्थर साबित होगी।

केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह मिशन मनरेगा का एक आधुनिक और उन्नत स्वरूप है। इसके तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 दिन किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य केवल मजदूरी देना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों एसेट्स का निर्माण करना और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाना है। योजना की बारीकियों पर चर्चा करते हुए डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इसमें समयबद्ध भुगतान और पूर्ण पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही, युवाओं के कौशल विकास स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि उन्हें गांव में ही बेहतर आजीविका के अवसर मिल सकें। उक्त कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा, किशन पटेरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंग्या, नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष सुनील खटीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश नायक, मंडल महामंत्री नंदकिशोर प्रजापति सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### पेट्रोल पंप पर ठगी

# सेल्समैन से 8,500 रुपए हड़पने का आरोप, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना महरौनी क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर ऑनलाइन भुगतान का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से पेट्रोल पंप कर्मियों में रोष व्याप्त है और उन्होंने सतर्कता बढ़ाने की मांग की है।

यह मामला महरौनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत माता भवानी फिलिंग स्टेशन, नाराहट रोड से जुड़ा है। यहां कार्यरत सेल्समैन म.प्र. के जिला टीकमगढ़ निवासी अजय राय पुत्र बिहारी रायने पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में बताया कि वह उक्त पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के पद पर कार्य करता है।पीड़ित के अनुसार17 फरवरी 2026 की शाम लगभग 4 बजे थाना सौजना के ग्राम पथराई निवासी देवेन्द्र पुत्र काशीराममोटरसाइकिल से पेट्रोल पंप पर आया। आरोपी ने पहले 1500 रुपये का पेट्रोल डलवाया और इसके बाद अजय राय से कहा कि वह उसे 8500 रुपये नकद दे दे, जिसके बदले वह अपने मोबाइल फोन से कुल 10 हजार रुपये फोन-पे के माध्यम से ट्रांसफर कर देगा।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी की बातों पर भरोसा कर उसने मोटरसाइकिल में 1500 रुपये का पेट्रोल डाल दिया, लेकिन जब 8500 रुपये नकद देने से उसने मना किया तो आरोपी ने कहा कि वह मोबाइल से भुगतान कर चुका है और मौके से वहां से चला गया। कुछ देर बाद जब पीड़ित ने अपने मोबाइल फोन कीजांच की तो खाते में कोई राशि जमा नहीं हुई। पीड़ित ने आरोपी की तलाश शुरू की।

### संकल्प से समाधान अभियानः लिधौरा में लगा अभिलेख सुधार शिविर

# जानलेवा बने जमीनी विवाद निपटाने में प्रयासरत कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में जानलेवा साबित होते जा रहे राजस्व संबंधी जमीनी मामलो के मुद्दों को हल करने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पहल जारी रखते हुए अब लिधौरा में राजस्व जनसुनवाई शिविर लगाया। जहाँ एक ही जगह पर जमीनी मामलो में महत्वपूर्ण कलेक्टर, एसडीएम एवं तहसीलदार कोर्ट लगाकर राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण कराया।





कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में तहसील लिधौरा में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत राजस्व के प्रकरणों के त्वरित समाधान एवं निराकरण के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व के अभिलेख सुधार के लिए एक साथ कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कोर्ट लगाकर आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे तथा तहसीलदार ओपी गुप्ता की उपस्थिति में तहसील लिधौरा में कोर्ट लगाया गया, जिसमें पटवारी, तहसीलदार तथा कलेक्टर कार्यालय से संबंधित सभी रिपोर्ट ली गईं और मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया गया।

इसके साथ ही कलेक्टर श्रोत्रिय ने उन मामलों को तत्काल पारित करने के लिए अनुमतियां दीं, जो 5 साल से ज्यादा पुराने थे, ताकि प्रशासन की कार्यप्रणाली में कोई रुकावट नहीं आए। शिविर में एक ही दिन में 120 से अधिक प्रकरणों को दर्ज किये गये, जिनमें से राजस्व के अभिलेख सुधार के सभी 120 प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया गया। गौरतलब है कि गत सप्ताह मोहनगढ़ और दिगोड़ा तहसीलों में भी इसी प्रकार के विशेष राजस्व सुधार कैम्प आयोजित किए गए थे। जिसमें मोहनगढ़ शिविर में 52 तथा दिगोड़ा शिविर में 77 प्रकरणों का निराकरण किया गया था। इस प्रकार अब तक तीनों तहसीलों में कुल 249 लंबित प्रकरणों का त्वरित समाधान किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि राजस्व अभिलेख सुधार संबंधी इन प्रकरणों के लंबित रहने का मुख्य कारण वर्ष 2011-2014 के दौरान हुए राजस्व अभिलेखों के कंप्यूटरीकरण में हुई त्रुटियाँ थीं। कई मामलों में नाम की गलत प्रविष्टि जैसे कल्ले की जगह कालका यादव एबं नन्ना की जगह पन्ना नाम दर्ज होना, रकबे की त्रुटि, पिता के नाम में गलती या आधार एवं राजस्व रिकॉर्ड में नामों की भिन्नता जैसी समस्याएँ सामने आईं। इन त्रुटियों के कारण फौती दर्ज नहीं हो पा रही थी या रजिस्ट्री की प्रक्रिया अटक रही थी, जो कि राजस्व विभाग के लिये जटिल समस्या थी। इन समस्याओं को संज्ञान में लेते हुये कलेक्टर श्रोत्रिय ने इनके निराकरण के उद्देश्य से तीनों कोर्ट एक साथ एक स्थान पर लगाने की पहल की।

कलेक्टर की पहल पर एसडीओ और तहसीलदार के न्यायालय एक ही दिन, एक ही स्थान पर लगाए गए। मौके पर ही रिपोर्ट, अनुमति और आदेश की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी कर उसी दिन अभिलेखों में संशोधन किया गया तथा आवेदकों को आदेश की प्रति भी सौंप दी गई। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि 31 मार्च तक जिले के सभी लंबित राजस्व सुधार प्रकरणों का पूर्ण निराकरण लक्ष्य है, भविष्य में ग्रामीणों को अनावश्यक दौड़-भाग से मुक्ति मिल सके। प्रशासन की इस सक्रिय, पारदर्शी और जन-केंद्रित पहल की सराहना करते हुए इसे त्वरित न्याय और जवाबदेही का उदाहरण है। इसमें एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा, जनपद पंचायत जतारा सीईओ, तहसीलदार लिधौरा ओपी गुप्ता, नायब तहसीलदार सहित समस्त पटवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मंत्री ने दिया जवाब सबको मिला काम आरोप राजनीति से प्रेरित

# घरों में ताले डालकर रोज़गार के लिए पलायन को मजबूर आदिवासी:विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उसे समय हंगामा हो गया जब मंत्री प्रहलाद पटेल ने विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा के प्रश्न का उत्तर देते हुए लगाए गए प्रश्न को राजनीति से प्रेरित आरोप निरूपित कर दिया। इस पर कांग्रेस विधायकों ने ऐसा हंगामा किया कि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा स्थगित करनी पड़ी।

विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने प्रश्न काल में प्रश्न पूंछते हुए कहा कि उसकी विधानसभा क्षेत्र में विजयपुर के कराहल विकासखंड में सहरिया जनजाति के आदिवासी रोजगार के लिए दिल्ली, जयपुर, कोटा गुजरात में रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। आदिवासियों को घर में रहकर काम मिले इसके लिए जी राम जी योजना में उनके लिए श्रम दिन बढ़ाए जाएं और मजदूरी भी 261 रुपए से बढ़ाकर 561 रुपए की जाए और रोजगार के लिए स्थानीय स्तर पर कोई उद्योग खोला जाए ताकि रोजगार के लिए पलायन रुक सके। इस पर मंत्री ने बीते वर्ष में जी राम जी के आंकड़े गिनाते हुए कहा कि श्योपुर जिले में सबसे अधिक रोजगार सहरिया जनजाति के लोगों को मिला है इसलिए यह आरोप लगाना की उन्हें जी राम जी में रोजगार नहीं मिल रहा है, तथा रोजगार के लिए पलायन कि बात राजनीति से प्रेरित आरोप है। इस पर कांग्रेस दल के विधायकों ने हंगामा कर दिया जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सदन को स्थगित करना पड़ा।




### जोरा विधायक के काउंटर पर भड़के मंत्री

दरअसल पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल जोरा विधायक पंकज उपाध्याय के काउंटर प्रश्न पर भड़क गए। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उन्हें मुकेश मल्होत्रा द्वारा पूछे गए प्रश्न पर काउंटर प्रश्न करने के लिए स्वीकृति दी तो विधायक उपाध्याय ने मुकेश मल्होत्रा द्वारा किए गए प्रश्न को सही बताते हुए कहा कि वह उनकी विधानसभा से लगी हुई विधानसभा के विधायक हैं इसलिए भौगोलिक स्थिति को भी अच्छे से जानते हैं कराहल विकासखंड के हर घर में ताले लगे हुए हैं लोग परिवार सहित रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं और मंत्री जी पलायन नहीं होने की बात कहते हुए प्रश्न को ही नकार रहे हैं। मंत्री पटेल ने आरोप को निराधार और राजनीति से प्रेरित होना तक बता डाला। इस पर कांग्रेस के अन्य विधायकों ने भी मंत्री पर झूठी जानकारी देने और रोजगार के अवसर मैया नहीं करने के आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया जिसके बाद विधानसभा स्थगित करनी पड़ी।

### मंत्री बोले मज़बूरी में नहीं स्वेच्छा से कर रहे पलायन

दरअसल मंत्री प्रहलाद पटेल ने प्रश्न का जवाब देते हुए यहां तक कह दिया कि जो लोग दूसरे प्रदेशों में रोजगार के लिए जा रहे हैं वह मजबूरी में नहीं बल्कि स्वेच्छा से जा रहे हैं यह एक प्रक्रिया है जो निरंतर चलती है लेकिन उसे जी राम जी में काम नहीं मिलने से जोड़ना निराधार है। उन्होंने कहा कि कराहल विकासखंड में सबसे अधिक लोगों को रोजगार दिया गया है। जिले में 49621 जॉब कार्ड धारक मज़दूर हैं जिनमें से बीते वर्ष 20907 ने रोजगार के लिए आवेदन किए थे। इनमें से 11558 अकेले कराहल के थे। मंत्री ने यहां तक कह दिया कि अगर लोग काम मांगने आ रहे हैं तो उन्हें काम दिया जा रहा है लोग काम ही नहीं मांगेंगे तो काम कहां से दिया जाएगा। पर प्रश्न यह उठ रहा है कि जब मंत्री स्वीकार कर यह कह रहे हैं कि रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश जा रहे हैं तो इसे वह पलायन क्यों नहीं मान रहे हैं। दरअसल विधायक मुकेश मल्होत्रा की पीड़ा सिर्फ जी राम जी में कार्य दिवस बढ़ाने तक सीमित नहीं थी उनका उद्देश्य था कि कराहल विकासखंड में ऐसी कोई फैक्ट्री ऐसी कोई उद्योग लगे जिससे लोगों को रोजगार के लिए वह दूसरे प्रदेशों में न जाना पड़े।

### टीएचआर से भरा ट्रक लाइब्रेरी में उतार सीडीपीओ ने लगाया ताला

# नगर परिषद की लाइब्रेरी को बना डाला स्टोर रूम, जिम्मेदार अनभिज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

नगर परिषद विजयपुर की लाइब्रेरी एवं पुस्तकालय में अगर आप अखबार या किताबें पढ़ने जाना चाहते हो तो न जाए क्योंकि वहां आपके अखबार या किताबें नहीं ताला डाल मिलेगा। दरअसल लाइब्रेरी में अब किताबों के स्थान पर महिला बाल विकास विभाग ने टीएचआर के बैग भरकर उसे स्टोर रूम बना दिया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इस लाइब्रेरी को संचालित करने वाली नगर परिषद के जिम्मेदारों को इसकी जानकारी तक नहीं है और सीडीपीओ लाइब्रेरी को गोदाम बनाने के बाद ताला लगाकर चाबी अपने साथ ले गई हैं।

नगर के लोगों के लिए अखबार और पत्रिकाएं पढ़ने के लिए नगर परिषद विजयपुर ने लाइब्रेरी स्थापित की हुई है। यहां पर लोग रोज सुबह अखबार पढ़ने के लिए पहुंच जाते हैं देश-विदेश और जिले की खबरों को एक साथ कई अखबारों के माध्यम से पढ़ने तथा ज्ञानवर्धक किताबों को एंट्री कर कर अपने घर ले जाने की व्यवस्था भी लाइब्रेरी में की गई है। विगत कई सालों से लाइब्रेरी निरंतर चल रही थी लेकिन अब अचानक उसे बंद क्यों कर दिया गया कोई बताने वाला नहीं है। महिला बाल विकास विभाग को लाइब्रेरी का भवन किसने दिया है, इसकी जानकारी शायद नगरपरिषद विजयपुर के अधिकारी कर्मचारियों तक को नहीं है लेकिन आज लाइब्रेरी में कई ट्रक टीएचआर के बैग भर दिए गए हैं जो जिससे अब जल्द ही लाइब्रेरी का खुलना तो संभव नहीं है। अब लाइब्रेरी दूसरे स्थान पर शिफ्ट की जाएगी या फिर हमेशा के लिए बंद कर दी जाएगी यह बताने वाला भी कोई नहीं है। हमने नगर परिषद विजयपुर के सीएमओ मनोज शर्मा से मोबाइल पर चर्चा करनी चाही तो उनका मोबाइल अंतरिचेबल मिला वहीं नगर परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने इस मामले अनभिज्ञता जाहिर कर दी। उधर प्रभारी सीडीपीओ को कई बार फोन लगाने के बाद भी उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।



**इनका कहना है**

लाइब्रेरी में टीएचआर के बैग किसने रखवाए हैं मुझे जानकारी नहीं है मैं जानकारी लेता हूं। हो सकता है कि कुछ समय के लिए एसडीएम के निर्देश पर यह बैग रखवाए गए होंगे पर लाइब्रेरी को बंद नहीं किया जाएगा।

**कमलेश कुशवाह**
**अध्यक्ष नगर परिषद विजयपुर**

# रमजान माह के साथ तरावीह शुरू आज पढ़ी जाएगी जुमा की नमाज़

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

गुरुवार को सुन्नी मुस्लिम समुदाय ने पूरे देश के साथ श्योपुर जिले में भी रमजान माह का पहला रोजा रखा। इससे पहले बुधवार को आसमान में बादल छाए रहने की वजह से रमजान माह का चांद जिले में दिखाई नहीं देने से तरावीह की नमाज़ शुरू होने में कुछ देरी हुई। बाद में शाही जामा मस्जिद दिल्ली से तस्दीक होने पर तरावीह की नमाज़ पढ़ी गई और गुरुवार को पहला रोजा रखा गया।

शहर काजी अतीकुल्लाह कुरैशी ने बताया कि बुधवार को दिल्ली ओर भोपाल से तस्दीक होने के बाद रमजान माह शुरू होने का ऐलान हमेशा की तरह आसमानी पटाखा फोड़कर किया गया। इसी रात तरावीह (रमजान माह में पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज) की नमाज भी पढ़ी गई जो एक माह तक पढ़ी जाएगी। इसी के साथ रमजान माह की शुरुआत हो गई है। गुरुवार को पहला रोजा रखा गया। ज्ञात हो कि मुस्लिम समुदाय एक माह तक चलने वाले रमजान माह को उत्सव की तरह मानता है। मुस्लिम समाज एक माह तक रोजे रखने के साथ पांच वक्त की नमाज अदा करता है रमजान में माह में नमाज पढ़ने वाले मुसलमानों की संख्या बढ़ जाती हैं। जिसके चलते मस्जिद कमेटियों ने नमाजियों के स्वागत के लिए पूरी तैयारी कर ली थी। कई मस्जिदों में नई जानमाज (नमाज पढ़ने के लिए बिछाया जाने वाला कपड़ा) खरीदकर बिछा दी गई और मस्जिदों की रंगा पुताई भी कर ली है मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ कुरान हाफिज पढ़ाना शुरू कर दिया है। मस्जिद कमेटियों ओर नमाजियों ने तरावीह पढ़ाने आए हाफिजों का माला पहनाकर स्वागत किया।



### मस्जिदों में टेंट आदि लगाए गए

हर शुक्रवार को पढ़ी जाने वाली जुमा की विशेष नमाज होती है। वैसे तो मुस्लिम समाज दिन में पांच वक्त की नमाज अदा करता है जो सभी मस्जिदों में अदा होती है लेकिन जुमा की नमाज विशेष मस्जिदों में अदा होती है यहां कई मस्जिदों के नमाजी एक मस्जिद में जुड़ने से नमाजियों की संख्या बढ़ जाती है। हालांकि जुमा की नमाज पूरे साल साप्ताहिक रूप से होती है पर रमजान में नमाजियों की संख्या बढ़ जाने से मस्जिद कमेटियों को नमाज के लिए अलग से व्यवस्था करना पड़ती है आज होने वाली जुमा की नमाज के लिए मस्जिदों में टेंट आदि लगाए गए हैं।

# अकरम बने वक्फ इंतजामिया कमेटी अंजुमन इस्लाम के सदर



हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

अकरम खान वक्फ इंतजामिया कमेटी अंजुमन इस्लाम जामा मस्जिद मुसाफिरखाना के नए सदर मनोनीत किए गए हैं। उनका मनोनयन मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) डॉ सनवर पटेल के निर्देश पर वक्फ बोर्ड सीईओ ने भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण की अनुशंसा पर किया है। अकरम खान की सदारद में 11 सदस्यीय जिस कमेटी का गठन किया गया है उसमें निसार खान को उपाध्यक्ष, जाहिद अंसारी को सचिव, मंजूर एहमद को सह सचिव, अनवर रंगरेज को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा उमर अंसारी, वहीद मंसूरी, आजाद खान, फिरोज हुसैन, हुसैन खान, आकिब को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। नई कमेटी शीघ्र ही कार्यवाहक अध्यक्ष शब्बीर नागौरी से चार्ज लेकर पदभार ग्रहण करेगी।

### जनगणना अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

# जनगणना कार्य महत्वपूर्ण, दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें:कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

जनगणना का कार्य अतिमहत्वपूर्ण है, इसलिए जनगणना के लिए नियुक्त अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता के साथ करें। प्रथम चरण में मकानों के सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा तथा प्रगणक घर-घर जाकर मकानों पर नंबर अंकित करेंगे। जनगणना 2027 की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संपन्न होगी। यह बात कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कही। वे गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के तत्वाधान में आयोजित चार्ज एवं अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, जनगणना निदेशालय भोपाल से श्योपुर के जनगणना जिला प्रभारी सत्यप्रकाश, जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा आदि उपस्थित रहें।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि जनगणना के लिए नियुक्त सभी चार्ज एवं अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा अपनी शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से करें। जनगणना 2027 का कार्य दो चरणो में संपादित किया जायेगा। प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न होगा तथा द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में संपन्न कराया जायेगा। जनगणना 2027 में स्व-गणना पोर्टल (एसई पोर्टल) एवं मोबाइल एप (एचएलओ एप) के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जायेगा। कलेक्टर ने बैठक में मकान सूचीकरण ब्लॉक के गठन, भवन नंबरिंग के दिशा-निर्देश देते हुए ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ब्लॉक निर्धारण के मानदंडों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।




### समय अभाव की अफरातफरी के बीच हुआ हाजियों का टीकाकरण

श्योपुर। रमजान माह के शुरू होने से एक दिन पहले अफरा तफरी के बीच हज यात्रियों का टीकाकरण आयोजित कर लिया गया। जिले से हज पर जा रहे सभी 43 हाजियों को विभिन्न बीमारियों की रोकथाम वाले टीके लगाए लगाने का काम डॉ विष्णु गर्ग की टीम किया। इस दौरान हज पर जाने वालों को विभिन्न खादिमुल हुज्जाज ने प्रशिक्षण दिया। जिला हज कमेटी द्वारा हाजियों का टीकाकरण मस्जिद कुमैदान में आयोजित किया गया। हज कमेटी के जिला अध्यक्ष सलीम जावेद ने बताया कि सभी 43 हाजियों को टीके लगा दिए गए हैं। चूंकि रमजान माह गुरुवार से शुरू हो रहा था इसलिए बुधवार को तक टीकाकरण जरूरी था। इस संबंध में हमने सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल से अनुरोध कर बुधवार को टीके लगवाने की व्यवस्था की।डॉ विष्णु गर्ग की टीम ने सभी यात्रियों को टीके लगवा दिए हैं। इस दौरान खादिमुल हुज्जाज काजी जका उल्लाह कुरैशी ने हज पर जा रहे यात्रियों को अपने अनुभवों से तो रूबरू कराया ही साथ ही केंद्रीय हज कमेटी की गाइड लाइन से भी अवगत कराया।



### जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैंप 21 को गढ़ी में

श्योपुर। 18 साल तक की आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान हेतु जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम गढी में 21 फरवरी को कैम्प का आयोजन किया जायेगा। श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कैम्प 21 फरवरी को हायर सैकेण्डरी स्कूल गढी में, 23 फरवरी को नगरपरिषद बडौदा में, 28 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय कराहल में, 02 मार्च को शासकीय हाईस्कूल पहेला में, 07 मार्च को पंचायत भवन मानपुर में, 09 मार्च को कार्यालय नायब तहसीलदार भवन गोरस में तथा 16 मार्च को शासकीय हाईस्कूल ओछापुरा में आयोजित किये जायेगे।

### मलपुरा के ग्रामीण बोले जिम्मेदार अधिकारी शिकायत के बाद भी बेसुध

# तेज रफ्तार में निकल रहे अवैध रेत से भरे ट्रैक्टरों से हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

शहर से सटे मलपुरा गांव के ग्रामीणों को हादसे होने का डर सता रहा है। यह डर उन्हें गांव के बीच से तेज रफ्तार में गुजर रहे अवैध रेत से भरे ट्रैक्टरों से बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि हमने इस मामले की शिकायत जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर साहब को भी बता दी है, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार बेसुध बने हुए है।

शहर के नजदीक सीप नदी के दूसरी पार बसे ग्राम मलपुरा के ग्रामीणों राजेन्द्र, भोला, बनवारी, रामहेत, प्रकाश, तुलसीराम, जीतेन्द्र, मोहन लाल, लोकेश, रामचरण आदि ने बताया है कि उनके गांव के बीच से होकर दिन रात अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली तेज रफ्तार में दौडते हुए निकल रहे है। इससे हर पल हादसे का डर सता रहा है। यदि इन ट्रैक्टर ट्रॉलियों की चपेट में गांव का कोई भी व्यक्ति या बच्चा आ गया तो उसकी जान जान तय लग रही है। वहीं गांव का रास्ता भी खराब हो गया है। जिससे भी हम सब ग्रामीणों को आवागमन संबंधी परेशानी उठानी पड रही है। इसलिए गांव से होकर गुजर रहे इन अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर अतिशीघ्र कार्रवाई की जाए।

### इधर पत्थर सड़क पर खाली कर मौके से भागा चालक

गुरूवार को शहर के बडौदा रोड पर हसनपुरा हवेली के पास खनिज विभाग ने अवैध पत्थर ले जा रहे एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। लेकिन ट्रैक्टर का चालक ट्रॉली में भरे पत्थरों को बीच सडक पर खाली करके ट्रैक्टर ट्रॉली को छोडकर भाग निकला। दरअसल गुरूवार को खनिज विभाग की टीम जब चेकिंग कर रही थी, तभी उन्हें पत्थरों से लदा एक ट्रैक्टर आता दिखा। टीम ने जब उसे रुकने का इशारा किया, तो ड्राइवर ने ट्रैक्टर की रफ्तार बढ़ा दी। खुद को घिरता देख ड्राइवर ने चलती गाड़ी से ही ट्रॉली को ऊंचा कर दिया और सारे पत्थर बीच सड़क पर ही पलट दिए। इस वजह से रास्ते का ट्रैफिक भी कुछ देर के लिए रुक गया। इसके बाद ड्राइवर ट्रैक्टर को किनारे छोड़कर वहां से नौ-दो ग्यारह हो गया।विभाग ने लावारिस हालत में मिले ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने खड़ा करवा दिया है। अब गाड़ी के कागज खंगाले जा रहे हैं और यह पता लगाया जा रहा है कि पत्थर कहां से लाए जा रहे थे।




### जिले के सामान्य वन मंडल और कूनो वन मंडल में भी होगी गिद्ध गणना, तैयारियां पूरी

# आज से शुरू होगी गिद्धों की गणना पहली बार एप से दर्ज होगा गिद्धों का डेटा

हरिभूमि न्यूज ⏩ श्योपुर

गिद्धों की शीतकालीन गणना इस बार 20 फरवरी से आरंभ होगी। जो तीन दिनों तक चलेगी। गिद्धों की यह गणना श्योपुर जिले के जंगल में ही नही अपितु मप्र के सभी जिलो के जंगल में एक साथ होगी। खास बात यह है कि इस बार गिद्धों की गणना डिजीटल तरीके से होगी। गणना का डाटा एप के जरिए ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। इस गिद्ध गणना की तैयारियां श्योपुर जिले में सामान्य वन मंडल और कूनो वन मंडल की ओर से पूरी कर ली गई है। दोनो वन मंडल का अमला सुबह के समय एक घंटे अपने अपने क्षेत्र में गिद्धों की गणना करेगा।

वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक गिद्धों की गणना हर साल की जाती है। इसी क्रम में इस साल गिद्धों की गणना का काम 20 फरवरी से शुरू होगा, जो कि 21 और 22 फरवरी तक चलेगा। पूरे प्रदेश के साथ यहां श्योपुर जिले के सामान्य वन मंडल और कूनो वन मंडल के जंगल में भी गिद्धों की गणना की जाएगी। सुबह 7 बजे से शुरू होने वाली इस गणना में विभागीय टीमें शामिल रहेगी। वन विभाग की अलग-अलग टीमें तीनों दिनों तक निर्धारित समय में पूरे जिले के जंगल में घूमकर गिद्धों की गणना करेगी। बता दें कि वन विभाग को पिछली गणना के मुकाबले गिद्धों की तादाद में इस बार बढोत्तरी होने की उम्मीद है।



### वनकर्मियों को दिया जा चुका प्रशिक्षण

वन विभाग के द्वारा गिद्धों की गणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। डीएफओ केएस रंधा ने बताया कि गिद्धों की गणना किए जाने के संबंध में मैदानी अमले को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह प्रशिक्षण पहले वृत स्तर पर और फिर जिला स्तर पर आयोजित किया गया है। जिसमें वनकर्मियों को गिद्धों की गणना किस तरह करनी है,इस बारे में विस्तार से बताया गया।

### रियल टाइम अपलोड किए जाएंगे फोटो

वन विभाग का मानना है कि विस्तारित सर्वे से न सिर्फ वास्तविक संख्या सामने आएगी, बल्कि संरक्षण प्रयासों की दिशा भी तय होगी। गणना में इस बार 'पॉइंट काउंट विधि' के साथ डिजिटल तकनीक जोड़ी गई है। टीम सुबह अपने निर्धारित समय पर चट्टानों, पुराने पेड़ों और जलाशयों के आसपास मौजूद रेस्टिंग साइट्स पर पहुंचकर प्रत्यक्ष अवलोकन करेगी। डेटा दर्ज करने के लिए **Epicollect**5 मोबाइल ऐप और **GPS** का उपयोग होगा।प्रजाति, आयु, स्थान और फोटो रियल टाइम अपलोड किए जाएंगे।

### इन स्थानों पर होगी तलाश

वन क्षेत्र में गिद्ध अधिकांशतः ऊंची चट्टानों में अपने घोंसले बनाते हैं। इसलिए गणनाकर्मियों की नजरें सबसे ऊंची खड़ी चट्टानों पर रहेगी। साथ ही नदी व झीलों के किनारे, जलाशयों के आसपास भी गिद्धों की सर्चिंग होगी। ऐसे स्थानों पर गिद्ध सुबह शिकार की तलाश में निकलते हैं। बताया गया है कि यह गणना तीन दिनों तक सुबह 7बजे से 8 बजे तक चलेगी। लेकिन जिन स्थानों पर ऊची चट्टाने है,वहां गणना सुबह 9 बजे तक की जा सकेगी।

**इनका कहना है**

गिद्धों की गणना 20 फरवरी को पूरे प्रदेश में एक साथ शुरू होगी। जिले के सामान्य वन मंडल और कूनो वन मंडल के जंगल में 22 फरवरी तक चलने वाली गिद्धों की गणना के लिए तैयारियां पूरी कर ली है।

**केएस रंधा**
**डीएफओ, सामान्य वन मंडल श्योपुर**

### घाटी में फर्नीचर से भरे ट्रक में भड़की आग, ड्राइवर ने कूद कर बचाई जान

श्योपुर। श्योपुर शिवपुरी हाइवे पर कराहल कस्बे के नजदीक स्थित घाटी में गुरूवार की दोपहर फर्नीचर से भरे एक ट्रक में उस समय अचानक आग भडक उठी,जब ट्रक भोपाल से श्योपुर आ रहा था। अचानक लगी इस आग से ट्रक में लदे करीब 10 लाख रूपए कीमत के सौफे जलकर राख हो गए। इस दौरान ट्रक के चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। आग लगने के बाद घाटी में कुछ समय के लिए जाम लग लग गया। जानकारी के अनुसार, गुरूवार को एक ट्रक भोपाल से फर्नीचर लेकर श्योपुर जा रहा था। घाटी पर चढते समय मोड पर अचानक ट्रक में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरा ट्रक आग की लपटों में घिर गया। ट्रक चालक तेजराम ने बताया कि उसे अचानक केबिन के पीछे से धुआं उठता दिखाई दिया। इसके बाद वह कुछ समझ पाता, उसके पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। उन्होंने तुरंत ट्रक रोककर कूदकर अपनी जान बचाई। चालक के अनुसार, उनका मोबाइल फोन, बिल्टी और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज ट्रक के अंदर ही जल गए। ट्रक से उठती आग की लपटों को देखकर यहां वाहनों की आवाजाही रूक गई। राहगीरों की सूचना के बाद कराहल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आग को बुझवाए जाने के बाद मौके पर लगे जाम को खुलवाते हुए वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई और आगजनी का प्रकरण दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी।



## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनी कॉलोनी निवासी राजकुमार जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सब्जी का ठेले वाले चालक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुशवाह कॉलोनी निवासी मुन्नीबाई केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनोज केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कंजिया थाना भानगढ जिला सागर निवासी डब्बू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ओमप्रकाश बागड़ी और उसके साथी ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ निवासी वासुदेव पुत्र गोपाल सिंह राजपूत ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाई

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम तमाशा निवासी ऊदल पुत्र रामलाल अहिरवार उम्र 23 साल ने घर के पीछे बने कच्चे कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात चोर स्कूटी चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत रजनी साहू ब्रम्हाकुमारी आश्रम दुर्गा कॉलोनी चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आश्रम के बाहर से कोई अज्ञात चोर उसकी स्कूटी चोरी कर ले गया। जिसका नम्बर एमपी 67 एमजी 2255 है, पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### टॉवर की केबिल काटकर नुकसान किया

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत राकेश खरे निवासी कान्हा पार्क कॉलोनी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सत्यानारायण जोशी निवासी शंकर कॉलोनी कंपनी के टॉवर की केविल काटकर नुकसान कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

### सर्वे ऑफ इंडिया ने की कलेक्टर कन्याल से भेंट

**गुना।** कलेक्टर कार्यालय में सर्वे ऑफ इंडिया के अधिकारियों और कलेक्टर गुना के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वे ऑफ इंडिया के उप अधीक्षण सर्वेक्षक गोविंद नागवंशी तथा मध्य प्रदेश भू-स्थानिक निदेशालय, जबलपुर के सर्वेक्षक संचिरत्न बौद्ध उपस्थित रहे।बैठक के दौरान अधिकारियों ने सर्वे ऑफ इंडिया के विभिन्न उत्पादों, सेवाओं एवं तकनीकी कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने संपत्ति रजिस्टर एवं मानचित्रों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए प्रशासनिक कार्यों में उनके महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा मध्य प्रदेश राज्य के नवीनतम हिंदी एवं अंग्रेजी मानचित्र, संपत्ति रजिस्टर, आधिकारिक मानचित्र तथा सर्वे ऑफ इंडिया का कैलेंडर कलेक्टर को भेंट किया गया। कलेक्टर श्री कन्याल ने सर्वे ऑफ इंडिया की कार्यप्रणाली और उपलब्ध कराई गई जानकारी की सराहना की।

### मध्यस्थता जागरुकता शिविर का आयोजन

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय केशव मणि सिंहल की अध्यक्षता में एवं न्यायाधीश सुश्री सोनम गुप्ता की एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में कुटुम्ब न्यायालय परिसर, अशोकनगर में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय केशव मणि सिंहल द्वारा उपस्थित पक्षकारगण को बताया कि पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए न्यायालय में लंबी कानूनी प्रक्रिया के बजाय, मध्यस्थता एक बेहतर विकल्प हो सकता है।

---

अब तक 6 विक्रेताओं पर हो चुकी है कार्रवाई

# मसूर और चना की फसल में दवा के छिड़काव से फसलें नष्ट, जांच के लिए समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



एक दिन पहले जिले के कई स्थानों से आए किसानों ने जन सुनवाई से लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों तक शिकायत की थी कि उनके द्वारा जिन खाद विक्रेताओं के यहां से कीटनाशक दवाएं खरीदी गई थीं वह सब नकली और मिलावटी थीं जिनके कारण उनकी फसलें नष्ट हो गई हैं। जिसमें एक चने की फसल खराब होने की शिकायत और दूसरी मसूर की फसल खराब होने की शिकायत की गई थी। जिसके बाद जांच के लिए जिले में एक समिति गठित की गई है।

कृषि उप संचालक अमित सिंह ने बताया कि इस समिति में कृषि विज्ञान केन्द्र से एक वैज्ञानिक और आत्मा प्रोजेक्ट से एक वैज्ञानिक को शामिल किया गया है। एक एक एसएसडीईओ प्रत्येक विकास खण्ड से संबंध किए गए है। संबंधित क्षेत्र के आरएईओ शामिल किए गए हैं। यह समिति इस बात की जांच करेगी की उक्त दवाएं किसानों द्वारा किस दुकान से खरीदीं गई थीं, जिन किसानों द्वारा खाद विक्रेताओं के नामजद शिकायत की गई है उन दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं ओर जबाव मांगा गया है। देखना है कि अभी जिले में और भी किसानों की इस तरह की शिकायते आ सकती हैं। अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है यहां के किसानों को खाद से लेकर बीज और कीटनाशक दवाओं की जरूरत पड़ती है, जरूरत पड़ने पर किसान उन लायसेंसी दुकानदारों के यहां जाते हैं जिन्हे कृषि विभाग द्वारा मान्यता दी गई है। इन दोनों किसानों ने ऐसे ही दो बड़े दुकानदारों की शिकायत की है, सवाल शिकायत का नही है सवाल यह है कि इन किसानों की पूरे जीवन भर की कमाई नकली कीटनाशक दवाओं के कारण पानी में चली गई है। अब किसान अपने शिकायती आवेदनों में मुआवजा भरपाई की मांग कर रहे हैं। किसानों की शिकायतों के बाद कृषि विभाग को चाहिए कि उन दुकानदारों के यहां संबंधित कीटनाशक पदार्थों को जप्त किया जाए और उच्च स्तरीय जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजा जाए ताकि उनकी जांच सामने आ सके। दुकानदारों ने किसानों को माल बेचकर पैसा कमा लिया है लेकिन उन किसानों का क्या हो जिनकी फसल ही नष्ट हो गई है।

### जिले में अब तक 6 दुकानदारों के खिलाफ हो चुकी है एफआईआर

कृषि उपसंचालक अमित सिंह ने बताया कि जिले में नकली खाद से लेकर दवाओं की उपलब्धता की शिकायतों के बाद अब तक 6 दुकानदारों के यहां कृषि विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही कराई जा चुकी है। जिसमें महौली,प्राणपुर,हीरावल के सेल्समैन मुकेश नरवरिया, कुशवाह कृषि सेवा केन्द्र नईसरायं के राघवेन्द्र कुशवाहा, यूरिया के बैग मिलने पर वाहन चालक श्रवण पुत्र दयाराम एवं जितेन्द्र, राजकुमार शर्मा के खिलाफ अवैध परिवहन को लेकर कार्यवाही की गई है। नकली खाद विक्रय करने पर समीर, नदीम,इंसाफ, वंटी निवासी मुंगावली तथा अवैध परिवहन करने पर सलमान खान,शिवकुमार लोधी, पुरूषोत्तम लोधी वाहन चालक पर कार्यवाही की गई है। नकली डीएपी के परिवहन को लेकर यह कार्यवाही की गई है। यूरिया अवैध परिवहन को लेकर बंगला चैराह के आरिफ खाद भंडार पर कार्यवाही की गई है।

### जिले में अब तक के इतिहास में सबसे अधिक यूरिया अशोकनगर पहुंची

जिले में लगातार हर वर्ष यूरिया की मांग बढ़ती जा रही है, अब तक के इतिहास में अशोकनगर जिले में 48380 मेट्रिक टन यूरिया खाद अशोकनगर पहुंच चुकी है और जिसका किसानों को वितरण किया जा चुका है। गतवर्ष यूरिया 47611 मेट्रिक टन का वितरण किया गया था। अशोकनगर जिला कृषि प्रधान क्षेत्र है यहां रकबा भी हर फसल में बदलता है। रवि की फसलों के समय जिले का रकबा 3 लाख 1 हजार मेट्रिक टन तथा खरीफ का रकबा 3 लाख 3 हजार मेट्रिक टन रहता है। जिले में अगर किसानों की बात करें तो कुल किसानों की संख्या 1 लाख 65 हजार है जिनमें 1 लाख 37 हजार किसान छोटे स्तर के हैं जिन्हें पीएम सम्मान निधि की राशि प्रदाय की जाती है यह सभी किसान दो हेक्टेयर भूमि तक के स्वामी हैं।

### जिले में चंदेरी, ईसागढ में प्राकृतिक खेती पर अधिक रूझान

जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदे भी बताए जा रहे हैं, वर्तमान 2025-26 में जिले में 1250 किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। अगर इन किसानों में प्राकृतिक खेती को लेकर आ रहे परिवर्तन की बात करे तो अशोकनगर और मुंगावली में किसानों का रूझान चंदेरी और ईसागढ की तुलना में कम है। चंदेरी और ईसागढ में 375-375 किसान हैं जबकि मुंगावली और अशोकनगर में 250-250 किसान हैं जो प्राकृतिक ढंग से खेती कर रहे हैं।

---

### ट्रैक्टर और कार में हुई जोरदार टक्कर, 4 लोग अस्पताल में किए भर्ती



**बीना।** भानगढ़ थाना अंतर्गत उमरिया तिराहा पर ट्रैक्टर और कार की जोरदार भिंडत हो गई। जिससे कार में बैठे चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। जहां पर घायलों का इलाज किया गया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह 10 बजे विल्धव निवासी किसान अपने ट्रैक्टर से खेत जा रहे थे। तभी भानगढ़ थाना अंतर्गत भानगढ़-कंजिया रोड पर स्थित उमरिया तिराहा पर खिमलासा की ओर से आ रही कार ने ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बट गया। वहीं कार भी टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही कार में बैठे चार लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जिसमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है जबकि अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं। कार सवारों ने बताया कि वह सागर से मुंगावली जा रहे थे कि उमरिया तिराहा पर अचानक से ट्रैक्टर चालक सड़क से गांव जाने वाली सड़क पर मुड़ गया तो कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकरा गई। इस संबंध में भानगढ़ थाना प्रभारी एसआई हरिसिंह तोमर ने बताया कि घटना की जानकारी लगते ही टीम को मौके पर भेजा गया था। घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। घटना में घायल कौन-कौन हुए हैं इसकी जानकारी नहीं है। घायलों को सीधे इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है।

---

# एक अच्छा विद्यार्थी ही हमेशा एक अच्छा शिक्षक बनाता है: आनंद प्रताप सिंह

स्वयंसेवकों ने शिविर के दूसरे दिन राष्ट्रीय एकता की शपथ के साथ किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिन (गुरुवार) को कार्यक्रम प्रभारी मृणालिनी मिश्रा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिन की शुरुआत एनएसएस गीत, राष्ट्रीय एकता की शपथ और सामूहिक योगाभ्यास से हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव में 'प्रभात फेरी' निकाली और जन-जागरूकता गीत गाते हुए घर-घर जाकर ग्रामीणों को शुक्रवार को होने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर की जानकारी दी। प्रभात फेरी के पश्चात 'बौद्धिक चर्चा' सत्र आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि शासकीय विधि बीना के प्रभारी प्राचार्य आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूर्वाग्रहों को तोड़कर ऐसा इंसान बनाना है, जिसकी समाज को जरूरत है; एक अच्छा विद्यार्थी ही हमेशा एक अच्छा शिक्षक बनाता है। वहीं, विशिष्ट अतिथि सहायक प्राध्यापक प्रगति सिंह ने विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण को एनएसएस शिविर का मुख्य उद्देश्य बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने खो-खो खेल का उदाहरण देते हुए समझाया कि जीवन में किताबी शिक्षा से कहीं अधिक व्यावहारिक ज्ञान का महत्व है। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिविर सहयोगी डॉ. निशी भदौरिया का विशेष मार्गदर्शन रहा। व्यवस्थाओं को सँभालने में विनोद, विकास और पूजा की सक्रिय भूमिका रही।

# नगर में निकला आरएएफ का फ्लैग मार्च, परखी शांति व्यवस्था की नब्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



नगर में स्थानीय पुलिस के साथ रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) का फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें हथियारों से लेश जवानों ने हिस्सा लिया। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि गुरुवार शाम आरएएफ के जवानों ने शहर का भ्रमण किया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड, बड़ी बजरिया, कच्चा रोड होते हुए थाना परिसर में समापन हुआ। जिसमें स्थानीय स्टाफ के अलावा आरएएफ के 33 जवान शामिल हुए।

---

### शासकीय आईटीआई अशोकनगर में प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन



**अशोकनगर।** कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत बुधवार को शासकीय आई टी आई अशोकनगर में प्रशिक्षनार्थियों को रोजगार लाभ उपलब्ध कराने हेतु प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्राचार्य नीरज घंघोरिया के निर्देशन में एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी दानिश दुर्रानी के मार्गदर्शन में मारुती सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा गुजरात प्लांट हेतु परीक्षा उपरान्त 27 प्रशिक्षनार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। चयन प्रक्रिया उपरान्त प्रशिक्षनार्थियों को अल्पाहार दिया गया। मारुती सुजुकी कंपनी की ओर से रोहित त्यागी द्वारा प्रशिक्षनार्थियों को कंपनी के बारे जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में शासकीय आईटीआई की ओर से देवेन्द्र माहोर, भोलाराम आदिवासी, रेखा सहरिया, मधु द्वेवेदी द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

---

मौके पर ही हुए लैब टेस्ट, पानी की नवीन टंकी के निर्माण का निरीक्षण किया

# अधीक्षण यंत्री ने जांची अशोकनगर के जल प्रदाय योजना की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग (ग्वालियर-चंबल संभाग) के अधीक्षण यंत्री जे.पी. पारा ने अशोकनगर नगरपालिका परिषद के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत 2.0 जलप्रदाय परियोजना के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कड़ा रुख अपनाया और निर्माण स्थल पर ही मशीनों के जरिए स्ट्रेंथ की जाँच कराई।

### निर्माण कार्यों का तकनीकी परीक्षण

निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री ने बस स्टैंड, त्रिलोकपुरी कॉलोनी और टोरिया में निर्माणाधीन पानी की टंकियों का बारीकी से अवलोकन किया। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने मौके पर ही निम्नलिखित तकनीकी परीक्षण करवाए।एनडीटी रिबाउंड हैमर टेस्ट निर्माणाधीन संरचनाओं के बीम और कॉलम की मजबूती जाँची गई।सीटीए मशीन टेस्ट क्यूब टेस्ट के जरिए कंक्रीट की कंप्रेशिव स्ट्रेंथ का परीक्षण किया गया। मटेरियल टेस्टिंग मिक्स डिजाइन के अनुसार कंक्रीट मिक्स रेशियो, सैंड (रेत) और गिट्टी की गुणवत्ता की परख की गई।

### दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पारा ने निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री और तकनीक को लेकर असंतोष पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमृत 2.0 जैसी महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार की तकनीकी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को समय-सीमा के भीतर और उच्च मानकों के साथ कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी।

इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान मुख्य नपा अधिकारी विनोद उन्नीतान, उपयंत्री भानु कुशवाह, गौरव ठाकुर, शिव कुमार रघुवंशी उपस्थित थे। साथ ही टाटा पीडीएमसी से आर.ई. मनीष माथुर, ए.आर.ई. विश्वेंद्र सिंह, एफ.ई. अमन आदि रहे मौजूद।

---

बजट सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

# नगर पालिका अशोकनगर पीआईसी की बैठक में विभिन्न विकास कार्यों को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नगर पालिका परिषद अशोकनगर की प्रेसिडेंट-इन- कौंसिल पीआईसी की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में शहर के विकास और आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को लेकर कई बड़े निर्णय लिए गए, जिससे शहर की तस्वीर बदलने की उम्मीद है।

बैठक में मुख्य रूप से परिषद के सदस्य और अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें शामिल पार्षदगण महेंद्र भारद्वाज, डॉ. जयमंडल यादव, प्रमेन्द्र तायडे (जॉर्ज), आशुतोष देवलिया, गीता आर्य, निक्की मोनू रघुवंशी और आयुषी जैन शामिल हैं। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, उपयंत्री भानु कुशवाहा, शिव कुमार रघुवंशी, आयुष वर्मा और गौरव ठाकुर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि हमारा उद्देश्य शहर की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देना है। स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही अगले हफ्ते में नगर पालिका परिषद की बैठक की जायगी।

### प्रमुख निर्णय और स्वीकृतियां

बजट 2026-27 आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नगर पालिका के बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें सड़कों का डामरीकरण वर्षा काल में क्षतिग्रस्त हुए मार्गों के सुधार पर विशेष ध्यान दिया गया है। राजमाता चैराहा से अस्पताल चैराहा (अंडर ब्रिज होते हुए) और एचडीएफसी चैराहा तक के मार्ग पर डामरीकरण कार्य को मंजूरी दी गई है।

### माधव भवन का कायाकल्प

शहर के ऐतिहासिक माधव भवन के जीर्णोद्धार का कार्य जल्द शुरू होगा। इसमें पुताई और अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों के लिए बजट स्वीकृत किया गया है।

### नल कनेक्शनों पर रोक

नगरीय क्षेत्र में वर्तमान व्यवस्थाओं को देखते हुए नवीन नल कनेक्शन और स्थानांतरण पर रोक लगा दी गई है, जिस पर सभी पीआईसी सदस्यों ने सहमति जताई।

### मोबाइल टॉयलेट की सुविधा

सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों की सुविधा के लिए नए मोबाइल टॉयलेट क्रय करने की स्वीकृति दी गई है।

### मार्गों का नामकरण

शहर में महापुरुषों के सम्मान में महाराणा प्रताप मार्ग, भगवान वाल्मीकि मार्ग एवं संत गाडगे मार्ग चिन्हित किए जाएंगे।